हिन्दुस्तान epaper

नौकरी की प्रक्रिया पूरी करने वाले एचआर रिक्रूटर्स में भारी कमी

# आईटी व मैन्युफैक्चरिंग में लाखों रोजगार मिलेंगे

19/02/2022

**नई दिल्ली | रितुराज बरुआ/ देवीना सेनगुप्ता**

अवसर

mint

नौकरी की तलाश करने वालों के लिए अच्छी खबर है। इस साल सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में कंपनियां 3.60 लाख नौकरियां फ्रेशर्स को देने वाली हैं। इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अगले पांच साल में 30 लाख से अधिक नौकरियां यानी हर साल औसतन पांच लाख नौकिरियां मिलने का अनुमान है।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा है कि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में उत्पादन से जुड़ी पीएलआई रोजगार के क्षेत्र में पासा पलटने वाली साबित हो सकती है। पीएलआई की वजह से मैन्यफैक्चरिंग में 30 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म अनअर्थइनसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक आईटी क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में नौकरी छोड़ने की दर 22.3 है।

**नौकरी छोड़ने की रफ्तार से मुश्किल में कंपनियां:** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आईटी क्षेत्र में नौकरी छोड़ने की रफ्तार 19.5 प्रतिशत थी। चौथी तिमाही में इसके 22 से 24 के बीच रहने की संभावना है।

**आईटी कंपनियों मे भर्ती की होड़:** इन्फोसिस ने हाल ही में कहा कि वह वर्ष 2022 में 55 हजार नियुक्तियां करेगी। यह पिछले साल के मुकाबले ज्यादा है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस ने पिछले साल 55 हजार नियुक्तियों का लक्ष्य तय किया था जिसके मुकाबले वह 75 हजार नियुक्तियां कर चुकी है।